कानपुर देहात पुलिस

-: प्रेस नोट :-

दिनांक-12.06.2025

आरक्षी नागरिक पुलिस के 60244 पदों पर सीधी भर्ती 2023 के अन्तर्गत चयनित अभ्यर्थियों को मा० मुख्यमंत्री जी उ०प्र० सरकार महोदय द्वारा दिनांक 15.06.2025 को डिफेन्स एक्स-पो ग्राउण्ड जनपद लखनऊ में सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया जाना प्रस्तावित है। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में जनपद कानपुर देहात से 808 महिला/पुरुष अभ्यर्थी को सम्मिलित किया जाना है। जनपद कानपुर देहात के निवासी समस्त सफल अभ्यर्थियों हेतु निम्नवत् दिशा-निर्देश निर्गत किये जा रहे हैं :-

1. सफल पुरूष अभ्यर्थी फुल स्लीव शर्ट, यथास्म्भव खाकी पैंट, काले जूते, बाल एवं दाढ़ी बनी होगी। सभी सफेद फोरेज कैप धारण करेंगे।
2. सफल महिला अभ्यर्थी बिना प्रिन्ट के साड़ी अथवा सलवार सूट धारण करेंगी, तथा सभी सफेद फोरेज कैप धारण करेंगी।
3. समस्त अभ्यर्थी अपने साथ पहचान पत्र यथा प्रवेश पत्र, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पेन कार्ड आदि साथ रखेंगे।
4. समस्त अभ्यर्थी लू/गर्मी से बचाव हेतु ग्लूकोज / ओ०आर०एस०/पानी की बोतल आदि की व्यवस्था स्वंय से ही पूर्व से कर के अपने साथ लेकर चलेंगे।
5. अभ्यर्थियों को ले जाने एवं वापस लाने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा रोडवेज बस की व्यवस्था की गयी है। जो अभ्यर्थी जिस बस से लखनऊ जायेगा उसी बस से वह वापस गृह जनपद आयेगा।
6. नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु जनपद कानपुर देहात के सफल अभ्यर्थियों को फोन/व्हाट्सएप/थाने के माध्यम से भी सूचित किया जायेगा।
7. कानपुर देहात के समस्त सफल अभ्यर्थी **दिनांक 15.06.2025 को प्रातः 04:30 बजे तक रिजर्व पुलिस लाइन माती कानपुर देहात** में अवश्य पहुँच जायेंगे। सभी अभ्यर्थियों को जेटीसी जनपदवार सम्बन्धित बसों में बैठाकर समय 05:30 बजे तक जनपद लखनऊ के लिए प्रस्थान करा दिया जायेगा।

कृपया समय का विशेष ध्यान रखा जाए।

अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की जानकारी / सहायता हेतु निम्न नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते हैं :-

1. कम्पयूटर ऑपरेटर हरेन्द्र कुमार,भर्ती कार्यालय कानपुर देहात– 9559413564 / 7651802165
2. आरक्षी प्रमोद कुमार, भर्ती कार्यालय कानपुर देहात - 9450769496
3. आरक्षी विवेक चाहर, अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय कानपुर देहात - 9627137082
4. मुख्य आरक्षी अमित बाबू, प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय कानपुर देहात - 8445005252
5. पुलिस कन्ट्रोल रूम कानपुर देहात - 9454402375 / 8707083336